ISSN 2319-8419

Published by

ज्ञान महाविद्यालय
महो अर्णः सरस्वती प्र चेतयति केतुना।
धियो विश्वा विराजति॥
रघु परिसर
अलीगढ़

Annual and Bi-Lingual International Journal

Vol. 8 ISSUE- 11

GYAN BHAV

Peer Reviewed Journal of Teacher Education

FEBRUARY- 2019

IN COLLABORATION WITH UP SELF FINANCE COLLEGES' ASSOCIATION

GYAN BHAV Journal of Teacher Education

EDITOR IN CHIEF

Dr. (Mrs.) Abha Krishna Johri

Head, B.Ed. Department
Gyan Mahavidyalaya, Agra Road,
Aligarh (U.P.)-202002
Mob. No.- 9456606428

ADVISORY COMMITTEE

Dr. Vedram Vedarthi
Ex. Dean, Faculty of Education
Agra University, Agra (U.P.)

Prof. Gunjan Dubey
Teacher Education Department
A.M.U., Aligarh
Mob. No.- 9412459713

Prof. Harcharan Lal Sharma
Curriculum Specialist (Moscow)
(Ex-NCERT, NIOS – GOI)
Consultant & Co-ordinator,
School Education Think Tank,
Surya Foundation, New Delhi

Dr. Jai Prakash Singh
D.Lit.
Head, Deptt. of Teacher Education
D.S. (PG) College, Aligarh (U.P.)
Mob. No.- 9410210482

Dr. Rajeev Kumar
Ex. Dean, Faculty of Education
Dr. B.R.Ambedkar University
Agra (U.P.)
Mob. No. 9410427456

Dr. Punita Govil
Associate Prof.
Department of Education
A.M.U., Aligarh
Mob. No.- 9837146021

EDITORIAL BOARD

Ms. Bhawna Saraswat
Mob.No. 8923814400, 8410873600

Shri Lakhami Chandra
Mob.No. 9457425770

Smt. Vardha Sharma
Mob.No. 8218377489

Dr. Ratna Prakash
Mob.No. 7247875053

SECRETARIAL ASSISTANCE

Mr. Jay Prakash Sharma

Gyan Bhav : Journal of Teacher Education is an Annual and bi-lingual periodical published every year in February by Gyan Mahavidyalaya, Aligarh. Department of Teacher Education of Gyan Mahavidyalaya is accredited **'A' Grade with CGPA 3.16 by National Assessment and Accreditation Council (NAAC) on 5th July, 2012.**

The Journal aims to provide teachers, teacher-educator, educationist, administrator and researchers a forum to present their work to community through original and critical thinking in education.

Manuscripts sent in for publication should be inclusive to Gyan Bhav Journal of Teacher Education. These, along with the abstract, should be in duplicate, typed double-spaced and one side of the sheet only, addressed to the Editor in Chief , Gyan Bhav Journal of Teacher Education, Dept. of Teacher Education, Gyan Mahavidyalaya, Agra Road, Aligarh – 202002

Computer soft copy can be sent by **E-mail : publicationgyan@gmail.com**

Copyright of the articles/research papers published in the journal will rest with Gyan Mahavidyalaya and no matter may be reproduced in any form without the prior permission of Gyan Mahavidyalaya. The content of matter are the views of the author only.

Correspondence related to publication, permission and any other matter should be addressed to the Editor-In-Chief.

CONTENTS

S. No.	TITLE		Page No.
1.	शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संगीत की महत्ता एवं वर्तमान में प्रासंगिकता	■ डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय	1-4
2.	उच्च शिक्षा के प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के समायोजन स्तर का तुलनात्मक अध्ययन	■ डॉ. बीना कुमारी ■ डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सारस्वत	5-9
3.	A Study of the Effect of School Environment on Educational Aspiration of the Students at Secondary Level	■ Ms. Bhawna Saraswat ■ Dr. Pooja Gupta	10-20
4.	अनुदानित तथा स्ववित्त पोषित संस्थानों के बी.एड. के छात्रों के पर्यावरणीय ज्ञान एवं अभिवृत्ति का अध्ययन	■ मनोज कुमार शर्मा ■ डॉ. राकेश कुमार शर्मा ■ डॉ. अंशु शर्मा	21-28
5.	A Differential Managerial Styles of Principals: A Study "	■ Dr. Poonam Mishra ■ Sanjeev Kumar	29-35
6.	SUBSCRIPTION FORM		

GYAN BHAV : JOURNAL OF TEACHER EDUCATION **ISSN 2319-8419**
VOL. - 08 FEBRUARY, 2019

शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संगीत की महत्ता एवं वर्तमान में प्रासंगिकता

* डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय

संगीत का प्रादुर्भाव अनादि काल में हुआ। सभ्यता के विकास के साथ निरन्तर इसका भी विकास हुआ। विभिन्न प्रकार की भाषा, बोली तथा संस्कृतियों के व्यक्तियों ने अपने–अपने स्तर से संगीत का विकास किया। विभिन्न क्षेत्रीय त्योहार, उत्सव तथा रीति–रिवाजों के अवसर पर गाये जाने वाले गीतों में इसकी झलक मिलती है। संगीत का महत्व इसी से उजागर होता है कि हमारे देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी अनेक संगीतज्ञों को नवाजा गया है, साथ ही विदेशों में भी संगीतज्ञों ने कीर्तिमान स्थापित कर सम्मान प्राप्त किये हैं। विभिन्न प्रकार का संगीत अनेक प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचाव एवं उनके उपचार में भी सहायक सिद्ध होता है।

प्रस्तावना

शिक्षा और संगीत मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं। प्रकृति की गोद में पले मानव के प्रयत्नों द्वारा पनपता हुआ संगीत सदा मन को आनन्दित करता रहा है। हृदय के तारों को झंकृत कर देने वाली संगीत की आनन्ददायिनी शक्ति सृष्टि के प्रारम्भ से ही उद्भूत हुयी। मानव अपने मन के उद्गारों को संगीत द्वारा व्यक्त करता है। प्रायः बाल्यावस्था में बालक की प्रारंभिक शिक्षा (हिन्दी व अंग्रेजी वर्णमाला) संगीत में पिरो देने से वे सरलता से याद करने में सक्षम होते हैं। इसी प्रकार दोहों और चौपाइयों को स्वर लहरी के माध्यम से कंठस्थ करना सुगम हो जाता है। प्रातःकाल भक्तिपूर्ण संगीत द्वारा सकारात्मक ऊर्जा का संचार तथा अधिक लम्बे समय तक कार्यशैली के तनाव को कम करने में भी संगीत सहायक सिद्ध होता है। अतः मानव के जीवन में शिक्षा और संगीत ऐसी कड़ियाँ हैं, जो मन–मस्तिष्क को आनन्दानुभूति के साथ–साथ एकाग्रता, आध्यात्मिकता एवं व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास करने में सहायक होती हैं।

अध्ययन की उपयुक्तता

प्रस्तुत अध्ययन की उपयुक्तता का प्रमुख कारण शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संगीत को उजागर करना तथा शिक्षित वर्ग को संगीत के विभिन्न सोपानों से अवगत कराना है, जिससे वे संगीत को केवल मनोरंजन व आमोद–प्रमोद का साधन न मानकर उसकी महत्ता से रू–ब–रू हो सकें, साथ ही बदलते परिवेश में शिक्षा और संगीत के पारस्परिक सम्बन्ध को अन्य पाठ्य विषयों की भाँति स्वीकार कर सकें। भारतीय संस्कारों की प्रेरणा से ओतप्रोत प्रकृति से जन्मे लोक संगीत द्वारा संस्कृति की विरासत को बचाये रखें साथ ही मन को एकाग्र एवं तनावमुक्त करने वाले शास्त्रीय संगीत (रागों के श्रवण एवं गायन) द्वारा मनुष्य के मन–मस्तिष्क पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को जानने एवं समझने की महती आवश्यकता है।

अध्ययन के उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन निम्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु चयनित किया गया है–

1–ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर शिक्षा के क्षेत्र में संगीत को उजागर करना ।

2–बदलते परिवेश में सांगीतिक शिक्षा के विभिन्न परिवर्तनों को मुखरित करना ।

* एम0ए0, बी0एड0, नेट, पी–एच.डी. (संगीत) सहायक प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा संकाय, ज्ञान महाविद्यालय, अलीगढ़ मो0 नं0–09410210345

अध्ययन का क्षेत्र

यह अध्ययन ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है, साथ ही वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर बल दिया गया है।

व्याख्या

भारतीय संगीत अनादि है। इसके सम्बन्ध में धार्मिक एवं प्राकृतिक मान्यताओं के साथ–साथ मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण भी निहित है। धार्मिक मान्यता के आधार पर भारतीय संगीत का उद्भव सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी द्वारा हुआ। एक किंवदन्ति है, कि इन्द्र देव ने ब्रह्मा जी से प्रार्थना की, कि ऐसा कोई नाट्य बनाइए, जो कि दृष्टव्य और श्रव्य हो अर्थात् जिसे सुना व देखा जा सके ? तब ब्रह्मा जी ने नाट्य वेद की रचना की और भरत मुनि को इसका ज्ञान दिया। इस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में संगीत का उद्भव 'नाट्य शास्त्र' से माना जाता है। जब देवलोक से संगीत पृथ्वी लोक पर आया, तब मनुष्य के साथ ही संगीत का जन्म पृथ्वी पर हुआ। जिस समय आदि मानव को वस्त्रों का ज्ञान न था, भाषा का ज्ञान न था, तब भी वह मन के उद्गारों को प्रकट करने के लिए अस्पष्ट शब्दों (हा, हू, हा) का उच्चारण एवं हाथ–पैरों के संचालन द्वारा मन के उल्लास को व्यक्त करता था। अतः संगीतज्ञों के अनुसार भू लोक पर शिक्षा रूपी वृक्ष से पूर्व ही संगीत अपनी प्राकृतिक छटा विखेर चुका था।

पाश्चात्य विद्वान जैम्स लॉग के अनुसार ''जिस प्रकार मनुष्य का बोलना, चलना, रोना–हँसना क्रियाएँ होती हैं, ठीक उसी प्रकार संगीत भी स्वयं उद्भूत हुआ।''[1]

फ्रायड के शब्दों में ''संगीत की उत्पत्ति एक शिशु के समान मनोविज्ञान के आधार पर हुई, जिस प्रकार रोना, चिल्लाना, हँसना आदि सहज और स्वतः क्रियाएँ हैं, उसी प्रकार संगीत मनुष्य की जन्मजात क्रिया है।''[2]

भारतीय संगीत का उद्गम वेदों में परिलक्षित होता है। जिसमें विश्व का आदि साहित्य (ज्ञान भण्डार) है। प्राचीन आचार्यों के अनुसार वेद साहित्य की इकाई हैं, जिसके अन्तर्गत मन्त्र भेद के कारण ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद का पृथक रूप से निर्माण हुआ। सर्वप्रथम ऋग्वेद में ऋचाएँ व मंत्र पद्य रूप में पढ़े जाते थे। इन मंत्रोच्चारणों से अनुभव किया गया कि उतार–चढ़ाव की अवस्थाओं में मंत्र पढ़ना एवं सुनना कर्णप्रियता का द्योतक है और इसे ही आधार मानकर सर्वप्रथम उदात्त, अनुदात्त और स्वरित तीन स्वर स्थापित हुये। स्वरित स्वर को आधार मानकर ऊँ अक्षर का उच्चारण किया जाने लगा। स्वरित स्वर से ऊँचे स्वर को उदात्त तथा नीचे स्वर को अनुदात्त रूप में सम्बोधित किया गया। शनैः–शनैः लगभग सभी वैदिक मंत्रों का उच्चारण तीन स्वरों में होने लगा, तत्पश्चात् सामवेद में सात स्वरों की स्थापना हुयी।

उपनिषद् भारतीय चिन्तन धारा का एक प्रमुख स्त्रोत है। भारतीय तत्व ज्ञान व धर्म सिद्वान्तों की सरिता उपनिषदों से ही प्रवाहित होती है। छांदोग्य उपनिषद् में गीत, वाद्य एवं नृत्य तीनों का उल्लेख है, यज्ञकाल में श्लोकों का पाठ छन्दों और स्वरों में किया जाता था।''[3]

शिक्षा ग्रन्थों को वेदों का अंग माना गया है। इसमें वैदिक संगीत, भाषा–व्याकरण इत्यादि का उल्लेख मिलता है। शिक्षा ग्रन्थों में पाणिनी शिक्षा, याज्ञवल्क्य शिक्षा और नारदीय शिक्षा ग्रन्थों का अधिक उल्लेख मिलता है। 'पाणिनी कृत ''अष्टाध्यायी'' मूल रूप से संस्कृत व्याकरण का ग्रन्थ है, फिर भी इसमें तत्कालीन संगीत के तीनों अंगों गायन, वादन व नृत्य का उल्लेख है। पाणिनी ने संगीत के लिए ' शिल्प' संज्ञा का प्रयोग किया।'[4] कंठ संगीत गाने वालों के लिए 'गायक' तथा स्त्री गायिका के लिए 'गायनी' संज्ञा दी।

नृत्यकर्ता के लिए नर्तक तथा संगतकर्ता को 'परिवादन' कहकर संबोधित किया। 'नारदीय शिक्षा' नारद ऋषि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें 'साम के सस्वर' पाठ और गान की विधि के साथ–साथ गांधर्व गान की भी व्याख्या की गयी है साथ ही श्रुति, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना, जाति इत्यादि सांगीतिक शिक्षा पर बल दिया गया है।

पुराण भारतीय संस्कृति के प्राचीन ग्रंथ हैं, जिसमें समयानुसार साहित्य, संगीत आदि से सम्बन्धित विचारों एवं सिद्धान्तों का संकलन किया गया है। पुराणों की संख्या 18 मानी गयी है ''जिसमें वायु पुराण, पद्म पुराण,

मार्कण्डेय पुराण, स्कंद पुराण तथा लिंग पुराण'' में विशेष रूप से संगीत विषयक जानकारी प्राप्त होती है।''[5] वायु पुराण में गुरु–लघु अक्षरों और विभिन्न तालों के आधार पर गीत रचना का उल्लेख है। इसी प्रकार विष्णु पुराण में साम गान की महिमा व गंधर्व संगीत का प्रचुर उल्लेख मिलता है।''[6]

भारतीय सभ्यता, सांस्कृतिक एवं सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से रामायण और महाभारत महाकाव्यों का महत्वपूर्ण स्थान है। इस महाकाव्य में विदित होता है कि उस समय समाज अपने व्यवस्थित रूप में था, इसलिए कला और साहित्य का विकास भी होता रहा। गीत, वाद्य तथा नृत्य में लोगों की रुचि थी। 'संगीत शब्द के लिए 'गान्धर्व' शब्द का प्रयोग किया जाता था।''[7] रावण स्वयं संगीत का ज्ञाता था। उसने स्वरों के माध्यम से मंत्रोच्चारण करके भगवान शंकर को साक्षात् प्रकट किया। रावण के राज्य में युवतियाँ भिन्न–भिन्न प्रकार की वीणा बजाने में प्रवीण थीं। इस समय शंख, भेरी, दुन्दुभी आदि का प्रयोग युद्ध प्रस्थान के समय किया जाता था। महाभारत काल में भी सभ्य समाज में तीनों कलाओं को आदर की दृष्टि से देखा जाता था। अर्जुन ने चित्रसेन से गायन, वादन एवं नृत्य की शिक्षा ग्रहण करके राजा विराट की कन्या उत्तरा को '' बृहन्नला'' के रूप में संगीत की शिक्षा प्रदान की।

महाभारत काल के पश्चात् जीवन की सत्यता, पावनता, सुन्दरता, अहिंसा तथा अस्तेय जैसे जीवन के मूल्यों पर चलने की राह दिखाने वाले महावीर स्वामी व गौतम बुद्ध के नाम सुविख्यात हुये। आपका विश्वास था, कि इन मूल मंत्रों पर चलने वाला व्यक्ति ही कला, साहित्य तथा संगीत की सेवा कर सकता है। न केवल आपने सामाजिक, सांसारिक, आध्यात्मिक पक्ष की ओर जनता का ध्यान आकृष्ट किया, अपितु संगीत और साहित्य को भी उच्च पराकाष्ठा तक पहुँचाया। ''बौद्ध साहित्य में उल्लेख है कि नालन्दा, विक्रमशिला, औदन्तपुरी भारत के इन तीन गौरवपूर्ण विश्वविद्यालयों में संगीत विभाग ' गान्धर्व विद्या विभाग' के नाम पर था एवं लय वाद्यों की नियमित शिक्षा दी जाती थी।''[8]

इस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संगीत की जड़ें फैल चुकी थीं। विशेष रूप से मुगल काल में अकबर के शासन काल का समय संगीत का स्वर्ण युग माना गया। ''दरवार के नौ रत्नों में अकवर ने तानसेन को 'कंठाभरण वाणी विलास' की उपाधि से विभूषित किया।''[9] भारत में अंग्रेजों के आगमन से सांगीतिक शिक्षा गुरु–शिष्य (घराना) परम्परा के सीमित दायरे में बँध गयी। क्योंकि अंग्रेज संगीतज्ञों को हीन भावना से देखते थे, ऐसी स्थिति में संगीतज्ञों ने सुरक्षित स्थानों पर अपने पुत्रों एवं चुनिंदा शिष्यों की विधिवत साधना से संगीत को सुरक्षित रखा।

वर्तमान में भारतीय संगीत की प्रासंगिकता

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् शिक्षा के क्षेत्र में संगीत को पुर्नस्थापित करने का श्रेय पं0 विष्णु नारायण भातखंडे व पं0 विष्णु दिगम्बर पलुस्कर को दिया जाता है। आपने शिक्षा जगत में न केवल संगीत को पाठ्य विषय के रूप में मान्यता दिलवाई अपितु मैरिस म्यूज़िक कॉलेज (लखनऊ), माधव संगीत महाविद्यालय (ग्वालियर), म्यूज़िक कॉलेज (बड़ौदा) आदि कॉलेजों की स्थापना की। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड इलाहाबाद द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट पाठ्य विषयों में संगीत गायन, वादन (सितार–तवला) को विषय रूप में मान्यता प्राप्त हुयी, जो कि लगभग चार दशक पश्चात् छात्राओं की संख्या कम होने से समाप्त करने हेतु विचारणीय है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालयों द्वारा संगीत को वरीयता दी जा रही है साथ ही वर्तमान समय में एम0फिल0 व पी–एच.डी. की ससम्मान उपाधि प्रदान की जाती है। यही नहीं, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में संगीत विषय को अन्य विषयों के समतुल्य स्थान दिया गया है।

विश्वविद्यालय स्तर पर नवीन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत दो वर्षीय बी0एड0 एवं बी0टी0सी0 (डी0एल0एड0) पाठ्यक्रम में संगीत शिक्षण सम्मिलित किया गया है, जिससे भविष्य के भावी शिक्षक भारतीय सांस्कृतिक विरासत से न केवल अवगत हो सकें, वरन् आने वाली पीढ़ी को संगीत के मूल्यों से अवगत करा सकें। बदलते परिवेश में मीडिया संसाधनों के माध्यम से 'REALITY SHOWS' सा रे गा मा पा ,सुपर डांसर, इंडियन आयडल, सुपर स्टार सिंगर द्वारा उभरती हुयी प्रतिभाओं को मंच प्राप्त हो रहा है। यही नहीं भारत सरकार द्वारा शिक्षा जगत में सभी क्षेत्रों के समान

संगीत के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य के लिए न केवल पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण एवं भारत रत्न सम्मान से पं0 रविशंकर (सितार वादक), लता मंगेशकर (गायिका), उस्ताद विस्मिल्लाह खाँ (शहनाई वादक), पं0 भीमसेन जोशी (शास्त्रीय गायक) संगीतज्ञों को अलंकृत किया गया है। अनेक संगीतज्ञों जिनमें प0 रविशंकर विश्वमोहन भट्ट, जाकिर हुसैन इत्यादि द्वारा न केवल भारत में अपितु विदेशों में भी संगीत कला को शीर्ष पर स्थापित किया गया है। विशेष रूप से संगीत कार्यालय हाथरस द्वारा ''संगीत'' मासिक पत्रिका एवं गांधर्व महाविद्यालय मण्डल पुणे द्वारा 'संगीत कला बिहार' मासिक अंक का प्रकाशन किया जाता है।

भारतीय संगीत के अन्तर्गत लोक संगीत, जिसमें जन्म एवं विवाह आदि अवसरों पर गाये जाने वाले गीत, होली गीत, सावन के गीत इत्यादि द्वारा संस्कृति एवं संस्कारों की झलक मिलती है, जिससे आजकल के अधिकांशतः किशोर एवं युवा विमुख होते जा रहे हैं। भारतीय पारंपरिक लोक संगीत के साथ ढोलक की थाप के मध्य हर्षोल्लास का वातावरण मानो, आज पाश्चात्य संगीत के प्रभाव से धूमिल होता जा रहा है। कुछ सार्वजनिक स्थानों पर कथा, भागवत, सुंदर काण्ड पाठ इत्यादि द्वारा जन–साधारण के मनोरंजनार्थ मीडिया (फिल्मी) गीतों की धुनों पर गीतों का प्रचलन बढ़ रहा है।

मानसिक तनाव, अनिद्रा एवं एकाग्रता, वर्तमान समय की बढ़ती समस्याओं में शास्त्रीय संगीत के अन्तर्गत विशेष रूप से ' कल्याण थाट' से उत्पन्न तीव्र मध्यम स्वर प्रधान राग सहायक होते हैं, क्योंकि इन मधुर स्वरों के संयोजन का श्रवण करने से मानव के शरीर में स्वतः ही कुछ ऐसे रसायन उत्पन्न हो जाते हैं, जो मनुष्य के मन–मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। मानसिक तनाव एवं अनिद्रा से ग्रस्त आगरा स्थित 'काली बाडी मन्दिर' के निकट 65 वर्षीय महिला पर किये गये प्रयोग द्वारा राग यमन, भोपाली, तोड़ी इत्यादि रागों का अनुकूल प्रभाव परिलक्षित हुआ और उनके कार्य व्यवहार में निरन्तर सकारात्मक परिवर्तन देखा गया। मानसिक स्थिति पर सांगीतिक प्रभाव तभी सम्भव है, जब व्यक्ति विशेष शास्त्रीय संगीत, गाने, सुनने व जानने की क्षमता तथा रुचि रखता हो।

मेरे स्वयं के अवलोकन के अनुसार– प्रायः जिन घरों में प्रातः एवं सायं नियमित रूप से परम्परागत भजनों का श्रवण किया जाता है उन सदस्यों को अधिकांशतः उक्त समस्याओं से कम जूझना पड़ता है। इस प्रकार संगीत की यात्रा आदि से अनन्त तक अनवरत है। केवल साधारण जन–मानस के विचारों में परिवर्तन की आवश्यकता है कि वे अपनी सोच संकुचित न रखकर सांस्कृतिक विरासत को संजोएँ और संगीत की एकाग्र साधना एवं मूल्यों को आत्मसात् करें, जिससे संगीत कला मर्मज्ञों की प्रतिष्ठा को ठेस न पहुँचे।

निष्कर्ष

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारतीय संगीत का प्रारम्भ सृष्टि के प्रारम्भ से ही हुआ और अति प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान तक अविरल धारा के रूप में शिक्षा के साथ–साथ मनोरंजन का साधन बना। संगीत के विविध रूपों–शास्त्रीय, सुगम, लोक एवं फिल्म संगीत द्वारा न केवल यह सम्मान और धनोपार्जन का साधन बना वरन् मानसिक सन्तुलन बनाये रखने में सशक्त माध्यम के रूप में उजागर हुआ। भले ही पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से भारतीय संगीत के मूल्यों में गिरावट आ रही है किन्तु फिर भी संसार का प्रत्येक प्राणी किसी न किसी रूप में संगीत का रसास्वादन कर रहा है।

1., 2. डॉ. महारानी शर्मा ' संगीत मणि'–भाग 1, श्री भुवनेश्वरी प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ0सं0–03
3. डॉ. अरुण कुमार सेन 'भारतीय तालों का शास्त्रीय विवेचन',मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृ0सं0 –13
4. डॉ. अर्चना शर्मा, ' संगीत' अरिहन्त प्रकाशन, मेरठ, पृ0सं0–22
5. श्री भगवत शरण शर्मा 'हिन्दुस्तानी संगीत शास्त्र'–भाग 3, संगीत मन्दिर खुर्जा, पृ0सं0–121
6., 7. डॉ. महारानी शर्मा 'संगीत मणि'–भाग 1, श्री भुवनेश्वरी प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ0सं0–14
8. डॉ. अरुण कुमार सेन 'भारतीय तालों का शास्त्रीय विवेचन',मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृ0सं0 –18
9. श्री भगवत शरण शर्मा 'हिन्दुस्तानी संगीत शास्त्र'–भाग 3, संगीत मन्दिर खुर्जा, पृ0सं0–139

GYAN BHAV : JOURNAL OF TEACHER EDUCATION **ISSN 2319-8419**
VOL. - 08 FEBRUARY, 2019

उच्च शिक्षा के प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के समायोजन स्तर का तुलनात्मक अध्ययन

* डॉ. (श्रीमती) बीना कुमारी
** डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सारस्वत

व्यक्ति का जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समायोजित होना अति आवश्यक होता है प्रस्तुत अध्ययन में उच्च शिक्षा के विभिन्न संकायों के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं के समायोजन का अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का उपयोग हुआ है। उपकरण के रूप में अध्ययन में डॉ. एस.के.मंगल द्वारा निर्मित 'मंगल टीचर एडजस्टमेन्ट इन्वैन्टरी' का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में ऑकड़ों के विश्लेषण के लिए 'टी–परीक्षण' का प्रयोग किया है। प्रस्तुत अध्ययन में निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि 'समायोजन के सभी क्षेत्रों में प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं के समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

प्रस्तावना

हमारा जीवन दिन–प्रतिदिन चुनौतियों व संघर्षों से भरा हुआ है। मनुष्य अपने अस्तित्त्व को बनाए रखने के लिए अपने वातावरण व परिस्थितियों के साथ समायोजन करता है। मनोविज्ञान में परस्पर विरोधी आवश्यकताओं को संतुलित करने की व्यवहार सम्बन्धी प्रक्रिया को समायोजन कहते हैं। जो व्यक्ति जितने अच्छे ढंग से समायोजित हो जाता है, उसका जीवन पथ उतना ही सुगम होता जाता है। हमारे समाज में जहाँ अध्यापक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है, समाज की रीढ़ कहा जाता है, वहाँ पर यह अति आवश्यक है कि अध्यापक समायोजित हों, क्योंकि यदि अध्यापक का व्यवहार समायोजित नहीं होगा, तो वह अपने शिक्षण को प्रभावी नहीं बना सकेगा, जिसका सीधा प्रभाव उसकी शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया पर पड़ेगा व समाज भी प्रभावित होगा।

एल.एस. शेफर के अनुसार ''समायोजन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई जीवधारी अपनी आवश्यकताओं तथा इन आवश्यकताओं की संतुष्टि से सम्बन्धित परिस्थितियों में सन्तुलन बनाए रखता है।''[1]

डी.जी. रैनास के अनुसार ''अच्छे अध्यापक वे हैं जो बुद्धिमान कौशल से परिपूर्ण, कर्तव्यनिष्ठ, समझदार हों व रचनात्मक समाज के निर्माण के लिए उनकी आवश्यकता है।''[2]

उद्देश्य

उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं का समायोजन स्तर ज्ञात करना ।

परिकल्पनाएँ

1. उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं में 'संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण के प्रति समायोजन'(Adjustment with Academic and General Environment of Institution) क्षेत्र में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

2. उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं में 'सामाजिक मनोशारीरिक समायोजन' (Socio-psycho-physical adjustment) क्षेत्र में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

* एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा विभाग, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ (उ0प्र0), मो0–09410059060
** एम0फिल0, नेट, पी–एच.डी. (शिक्षाशास्त्र) डॉ. बी0आर0 आम्बेडकर विश्वविद्यालय (उ0प्र0)

3. उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं में 'पेशेवर रिश्तों में समायोजन' (Professional relationship Adjustment) क्षेत्र में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

4. उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं में 'व्यक्तिगत जीवन समायोजन' (Personal life Adjustment) क्षेत्र में सार्थक अन्तर नहीं है।

5. उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं में ' वित्तीय समायोजन व व्यवसाय सन्तुष्टि' (Financial Adjustment and job satisfaction) क्षेत्र में सार्थक अन्तर नहीं है।

परिसीमाएँ

1. यह अध्ययन उच्च शिक्षा के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं के समायोजन तक सीमित है।
2. यह अध्ययन अलीगढ़ जिले के स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राध्यापकों पर किया गया है।
3. प्रस्तुत अध्ययन परीक्षण में दिए हुए 5 समायोजन क्षेत्रों तक ही सीमित है।

अनुसंधान का प्रकार व विधि

यह अध्ययन विश्लेषणात्मक प्रकार का है व अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया है।

(अ) समग्र व न्यादर्श :– अध्ययन के लिए अलीगढ़ शहर के स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को लिया गया है। न्यादर्श स्वरूप विभिन्न संकायों के 15 प्राध्यापक व 15 प्राध्यापिकाओं को चुना गया है। जिनकी उम्र 25 से 45 वर्ष के मध्य है।

(ब) उपकरण :– डॉ. एस.के. मंगल द्वारा बनाई गई मंगल टीचर एडजस्टमैन्ट इन्वेन्टरी' का प्रयोग किया गया है।

(स) आँकड़ों का विश्लेषण:– आँकड़ों के विश्लेषण के लिए मध्यमान, मानक विचलन, मानक त्रुटि व टी. परीक्षण का आवश्यकतानुसार उपयोग किया गया है।

आँकड़ों का प्रस्तुतीकरण

तालिकाः–1

संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण के प्रति समायोजन

समूह	N	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	टी.मूल्य	स्वतन्त्रता अंश (df)	सार्थकता स्तर
प्राध्यापक	15	88.8	14.64	5.79	1.19	28	.05 असार्थक
प्राध्यापिकाएँ	15	81.87	18.98				

28 df ij .05 की Table value = 2.05 } [3]
28 df ij .01 की Table value = 3.76 }

तालिका 1 से स्पष्ट है, कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों का संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण के प्रति समायोजन का मध्यमान 88.8 व मानक विचलन 14.64 है। प्राध्यापिकाओं का इस क्षेत्र में मध्यमान 81.87 व मानक विचलन 18.98 है। दोनों समूहों की मानक त्रुटि 5.79 है व टी–परीक्षण का मान 1.19 है जो कि df=28 पर टी–परीक्षण तालिका के 0.05 स्तर के मान 2.05 से कम है। अतः शून्य परिकल्पना को स्वीकार करते हुए कह रहे हैं कि संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण के प्रति समायोजन में उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिकाः–2

सामाजिक मनोशारीरिक समायोजन

समूह	N	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	टी. परीक्षण	df	सार्थकता स्तर
प्राध्यापक	15	132.6	17.57	6.54	2.01	28	सार्थक अन्तर नहीं है।
प्राध्यापिकाएँ	15	119.47	17.02				

तलिका–2 से स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों का ' सामाजिक मनोशारीरिक समायोजन' क्षेत्र का मध्यमान 132.6 व मानक विचलन 17.57 है। प्राध्यापिकाओं का इस क्षेत्र में मध्यमान 119.47 व मानक विचलन 17.02 है दोनों समूहों का मानक त्रुटि 6.54 है व टी–परीक्षण का मान 2.01 है जो कि df=28 पर टी–परीक्षण तालिका के 0.05 स्तर के मान 2.05 से कम है। अतः शून्य परिकल्पना को स्वीकार करते हैं व कह सकते हैं कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं में सामाजिक मनोशारीरिक समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिकाः–3

पेशेवर रिश्तों में समायोजन

समूह	N	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	टी. परीक्षण	df	सार्थकता स्तर
प्राध्यापक	15	83.4	11.05	3.76	1.67	28	सार्थक अन्तर नहीं है।
प्राध्यापिकाएँ	15	77.2	8.76				

तालिका–3 से यह प्रदर्शित होता है कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों का 'पेशेवर रिश्तों में समायोजन' क्षेत्र में मध्यमान 83.4 व मानक विचलन 11.05 है व प्राध्यापिकाओं का इस क्षेत्र में मध्यमान 77.02 व मानक विचलन 8.76 है व दोनो समूहों की मानक त्रुटि 3.76 है एवं टी–परीक्षण का मान 1.67 है जो कि df=28 पर टी–परीक्षण तालिका के 0.05 स्तर के मान =2.05 से कम है। अतः शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है व हम कह सकते हैं कि समायोजन के इस क्षेत्र में दोनों समूहों के समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिकाः–4

व्यक्तिगत जीवन समायोजन

समूह	N	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	टी. परीक्षण	df	सार्थकता स्तर
प्राध्यापक	15	119.6	14.12	5.35	1.61	28	सार्थक अन्तर नहीं है।
प्राध्यापिकाएँ	15	111.0	14.21				

तालिका–4 से स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों का 'व्यक्तिगत जीवन समायोजन' क्षेत्र में मध्यमान 119.6 है व मानक विचलन 14.12 है। प्राध्यापिकाओं का इस क्षेत्र में मध्यमान 111 व मानक विचलन 14.21 है। दोनों समूहों की मानक त्रुटि 5.35 व टी–परीक्षण का मान 1.61 है जो कि df=28 पर टी–परीक्षण तालिका के 0.05 स्तर के मान = 2.05 से कम है। अतः शून्य परिकल्पना को स्वीकार करते हुए, हम कह रहे हैं कि 'व्यक्तिगत जीवन समायोजन' क्षेत्र में प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिकाः–5

वित्तीय समायोजन व व्यावसायिक सन्तुष्टि

समूह	N	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	टी. परीक्षण	df	सार्थकता स्तर
प्राध्यापक	15	55.8	9.72	4.04	.15	28	सार्थक अन्तर नहीं है।
प्राध्यापिकाएँ	15	55.2	11.61				

तालिका–5 को देखने से स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों का 'वित्तीय समायोजन व व्यावसायिक सन्तुष्टि' का मध्यमान 55.8 व मानक विचलन 9.72 है। प्राध्यापिकाओं का इस क्षेत्र में मध्यमान 55.2 व मानक विचलन 11.61 है। दोनों समूहों की मानक त्रुटि 4.04 है व टी–परीक्षण का मान .15 है जो कि df=28 पर टी–परीक्षण तालिका के 0.05 स्तर के मान =2.05 से काफी कम है। अतः शून्य परिकल्पना को स्वीकार करते हुए, कहा जा सकता है कि 'वित्तीय समायोजन व व्यावसायिक सन्तुष्टि' में उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

विवेचना

उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं के समायोजन का मापन निम्न क्षेत्रों में किया गया।

1. संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण के प्रति समायोजन (Adjustment with academic and General environment of the institution)
2. सामाजिक मनोशारीरिक समायोजन (Socio-psycho physical Adjustment)
3. पेशेवर रिश्तों में समायोजन (Professional Relationship adjustment)
4. व्यक्तिगत जीवन समायोजन (Personal life adjustment)
5. वित्तीय समायोजन व व्यवसाय सन्तुष्टि (Financial adjustment and job satisfaction)

जिसमें से प्रथम क्षेत्र में शून्य परिकल्पना स्वीकार की गई, अर्थात् इस क्षेत्र में प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं के समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं आया, जिसका कारण हो सकता है कि उच्च शिक्षा में शिक्षण कार्य कर रहे प्राध्यापक–प्राध्यापिकाएँ अपने संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण, जिसमें संस्थान का अनुशासन, पाठ्यक्रम, संस्था के नियम, शिक्षण–विधि, कार्यभार, परीक्षा पद्वति आदि से स्वयं को समायोजित कर लेते हैं।

समायोजन मापन के सामाजिक–मनोशारीरिक समायोजन में भी प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। इसका कारण यह हो सकता है कि इस स्तर तक आते–आते उनमें सामाजिक गुण, नेतृत्वक्षमता, सेमीनार, व्याख्यानों में सहभागिता आदि विकसित हो जाती है। उन्हें अपनी शारीरिक क्षमताओं व अक्षमताओं का भी भली–भाँति ज्ञान होता है, वे अपने मनोभावों को दृढ़ रूप में व्यक्त करते हैं व मनोवैज्ञानिक रूप से दृढ़ होते हैं।

समायोजन के Professional relationship एवं personal life adjustment में भी शून्य परिकल्पना स्वीकार की गई, जिससे पता लगता है कि प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं के बीच कोई अन्तर नहीं है। इसका कारण उच्च स्तर पर शिक्षण कर रहे व्यक्ति अपनी Professional life व Personal life में तालमेल करना जानते हैं। वे अपने पेशे से जुड़ी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं एवं अपने व्यक्तिगत जीवन से सन्तुष्ट हैं चाहे उनका परिवार संयुक्त हो या एकल। घर में सभी सदस्यों का स्वास्थ्य, जीवन जीने का तरीका, घर का वातावरण सकारात्मक होना, वैवाहिक जीवन का सन्तुलित होना आदि इसके कारण हो सकते हैं।

उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं में 'वित्तीय समायोजन व व्यवसाय सन्तुष्टि (Financial adjustment and job satisfaction) में कोई सार्थक अन्तर नहीं आया है जिसका कारण व्यक्ति का स्वयं की इच्छा व योग्यतानुसार व्यवसाय में आना है साथ ही साथ व्यवसाय के अन्य विकल्प खुले होना भी है। व्यक्ति की जिस प्रकार की आर्थिक स्थिति होती है वे वैसे ही अपने आर्थिक दायित्वों की पूर्ति करते हैं व सन्तुष्ट हो जाते हैं अर्थात् समायोजित हो जाते है।

निष्कर्ष

प्रदत्तों के विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रस्तुत अध्ययन में समायोजन के 5 क्षेत्रों (संस्थान के शैक्षिक व सामान्य वातावरण के प्रति समायोजन, 'सामाजिक मनोशारीरिक समायोजन, पेशेवर रिश्तों में समायोजन, व्यक्तिगत जीवन समायोजन, वित्तीय समायोजन व व्यवसाय सन्तुष्टि) पर उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं का अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि उच्च शिक्षा में शिक्षण कार्य कर रहे प्राध्यापक व प्राध्यापिकाएँ शिक्षण संस्थान के अनुशासन, पाठ्यक्रम संस्था के नियम, शिक्षण विधि, कार्यभार तथा परीक्षा पद्वति को अच्छी तरह समझ लेते हैं साथ ही उनमें सामाजिक गुणों , नेतृत्व क्षमता, शारीरिक रूप से अपनी क्षमताओं योग्यताओं एवं अपने व दूसरों के मनोभावों को समझने के गुण भी आ जाते हैं। व्यावसायिक व व्यक्तिगत जीवन में भी इनका समायोजन अच्छी तरह हो जाता है, चाहे फिर वे संयुक्त परिवार के सदस्य हों या एकल परिवार के। उनका जीवन जीने का तरीका तथा घर का वातावरण उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है व समायोजन में मदद करता है। वैवाहिक जीवन में सन्तुलन बनाने के साथ–साथ उनका आर्थिक दृष्टि से भी समायोजन अच्छा है। अतः हमारे द्वारा बनाई गई सभी शून्य परिकल्पनाएँ स्वीकृत की गयीं है। समायोजन के किसी भी क्षेत्र में प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं में कोई भी सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

---

1. डॉ. एस.के. मंगल (शिक्षा मनोविज्ञान)
2. डॉ. सुरेश भटनागर (शिक्षा मनोविज्ञान), आर.लाल बुक डिपो, मेरठ, पेज नं0– 382
3. डॉ. एस.पी. गुप्ता– आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शाखा पुस्तक भवन इलाहाबाद, परिशिष्ट (3) पेज नं0–573

GYAN BHAV : JOURNAL OF TEACHER EDUCATION **ISSN 2319-8419**
VOL. - 08 FEBRUARY, 2019

A Study of the Effect of School Environment on Educational Aspiration of the Students at Secondary Level

* **Ms. Bhawna Saraswat**
** **Dr. Pooja Gupta**

Abstract

Present study is an attempt to find out the effect of school environment on educational aspiration 450 students of intermediate schools affiliated to U. P. Board constituted the sample of the study of secondary school students selected trough random sampling technique. Students were divided into three groups like high, average and low on the basis of perceived school environment. F ratio and t test were applied for treatment of the data. On the basis of the finding, it may be concluded that educational aspiration of the students are slightly affected by the school environment.

INTRODUCTION

Human beings are always immersed in a social environment, which not only changes the very structure of an individual or just compels him to recognize fact but also provides him with a readymade system of sign. It imposes a series of obligations on him. Two environments home and school share on influential space in child's life and there exists a unique juxtaposition between the two (Tucker & Bernstein, 1979). According to Sagar and Kaplan (1972), by its very nature, the family is the social biological unit that exerts the greatest influence on the development and perpetuation of the individual's behaviour. Next to family, the school is the most important experience, in the process of child development. When the child enters the school arena, he or she is presented with new opportunities in terms of socialization and cognitive development. These opportunities are provided in different measures in different school and may have a direct impact on the cognitive and affective behaviours of students. The nature of this impact can be understood if we devote our research energies to find out the environmental variables that are most effective in promoting optimum development of each child's potentialities.

SCHOOL ENVIRONMENT VARIABLES

- **Creative stimulation :-** It refers to "Teacher's activities to provide conditions and opportunities to stimulate great thinking".
- **Cognitive and encouragement : -** It implies "Teacher's behaviour to stimulate cognitive development of the students by encouraging his actions or behaviours".
- **Permissiveness : -** It indicates, "A school climate in which students are provided

* M.A (Psychology & Hindi), M.Ed. , M.Phil. NET (Education), Research Scholar, Department of Education, Mewar University, Chittorgarh (Rajasthan) Mob. 8410873600,8923814400
** Supervisor, Associate Professor, Department of Education, Mewar University, Chittorgarh (Rajasthan) Mob- 7983410789

opportunities to expressed their views freely and act according to their desires with no interruption from teachers".

- **Acceptance :-** It implies "A measure of teachers unconditional love, recognizing that students have the right to express feeling, to uniqueness, and to be autonomous individual's. Teacher accept the feelings of students in a non- threatening manner".
- **Rejection :-** It refers to "A school climate in which teachers do not accord recognition to students right to deviate, act freely and be autonomous persons".
- **Control :-** It indicates "Autocratic atmosphere of the school in which several restriction are imposed on students to discipline them.[1 & 2]

EDUCATIONAL ASPIRATION

'Level of Aspiration' is a psychological construct which reflects a cognitive type of motivation of the individual. Frank defines it in terms of the level of future performance in a familiar task which an individual knowing his level of past performance in that task explicitly undertake to reach. James Drever explains it as a frame of reference involving self-esteem or alternatively as a standard with reference to which an individual experiences, i.e., has the feeling of success or failure. Thus, the term level of Aspiration involves the estimation of his ability (whether over, under or realistic) for his future performance on the strength of his past experience (goal discrepancy), his ability and capacity, the efforts that he can make towards attaining the goal, thus set by him. The goal setting behaviour as well as the process of attaining the goal are consequences of his past experience, whether failure-oriented or success-oriented, level of efforts made by him in that direction, and his capacity to pursue the goal. Thus four main points are logically arranged in sequence of events in a level of aspiration situation.

1) Last performance
2) Setting up the level of aspiration for the next performance
3) New performance
4) Psychological effect to the new performance.

The difference between the level of the last performance and that of the new goal is called 'Goal Discrepancy' whereas the difference between the goal level and that of the new performance is called 'Attainment Discrepancy'. The greater the discrepancy, whether goal or attainment, the lesser the chances of attaining the goal and the wider the frustration that the individual may experience. Thus, both neither the over-estimation, nor the under-estimation, whatsoever they may be, but it is the realistic estimation in terms of least goal or attainment discrepancy, which brings home the highest level of satisfaction ascertaining his reality-oriented personality and consistency between his goal setting behavior and his ability and efforts to attain the same.

Hoppe (1930), Dembo (1931, 1944), Escalona (1940), Festinger (1942), Lewin, K. (1944), Sears (1944), Parikh and Chattopadhyaya (1965), Prabharamalinga Swami and

Sharma (1970), Shah and Bhargava (1971), D. Sinha (1972) and Grewal (1975) have used different instruments to measure level of aspiration of different samples. The material used in measuring level of aspiration varies from very simple (e.g. cancelling or writing letters and digits) to very complex (e.g., using standardized scales). 3

OBJECTIVES

- To study the school environment at secondary level of Aligarh region.
- To Study the Educational Aspiration of the students at secondary level.
- To examine the effect of School Environment on Educational Aspiration of the students at secondary level.

HYPOTHESES

- There is average school environment as perceived by the students.
- There is average educational aspiration shown by the students gone through the adopted test (Educational Aspiration Scale (E.A.S.) by Dr. V.P. Sharma and Dr. A.Gupta) for the study.
- There is no significant effect of the School Environment on the Educational Aspiration of the students at secondary level.

LIMITATIONS OF THE STUDY

- The present study is delimited to the students of class X studying in the government and government aided intermediate college affiliated to U. P. Board, Allahabad.
- Study is limited to the variables taken under study.
- Study is limited to Aligarh district only.
- In this present study students have not been divided on gender basis.

RESEARCH METHODOLOGY

Descriptive survey method has been used for the study. Having the view on research methods it was found that descriptive survey method is best suitable for present study so the researcher adopted the survey method.

VARIABLES

In the present study the researcher analyzed the research variables as:

- **Independent variables :** In the present study "school environment" is considered as independent variable.
- **Dependent variable :** In the present study "educational aspiration" is considered as dependent variable.
- **Intervening variables :** In the present study, all psychological Physical and emotional characteristics of the students are considered as intervening variables. A part of these variables, socio-economic status, and culture are also considered as intervening variables.

CONTROL OF INTERVENING VARIABLES

Present study is a type of descriptive research and survey methods is used to collect the data. Direct control of variables is not possible in survey studies so researcher used randomization to control the effect of intervening variables on dependent variables.

SAMPLE (450)

In the present study sample, size is 450. To achieve the objective of the study the researcher selected the appropriate and representative sample through random sampling technique.

SAMPLING

In relation to the size of the sample first of all researcher collected the list of total senior secondary schools located in Aligarh district, from the office District Inspector of Schools. At the time of study the total No of government and government aided higher secondary school and inter colleges in Aligarh district were 93.

So the researcher made a list of total schools the researcher selected 12 schools to collect the data. The researcher used the lottery technique to select the school. The total number of all students in twelve school is 1402 . Researcher decided that minimum 30 to 35 % of total students should be included in the sample of the study. The description of the selection of sample students is given below.

Table-1.0

List of selected Govt. / Govt. Aided Selected School and Sample

S. No.	Name of School	Type	No of Total Students	Percentage	Sample Students
1.	Hindu Inter College, Aligarh	Aided	109	30	33
2.	Chirangilal Girls Inter College, Aligarh	,,	112	34	39
3.	Uttam Inter college, Jiraoli, Aligarh	,,	127	31	40
4.	Rastriya Inter College Khair, Aligarh	,,	126	30	38
5.	Nagar Palika Inter College Atrauli, Aligarh	,,	150	30	45
6.	Shivdan singh Inter College, Iglas Aligarh	,,	110	35	38
7.	Barauli Inter College, Barauli, Aligarh	,,	110	35	38
8.	Krishnanand Inter College, Jalali, Aligarh	,,	92	33	30
9.	Kishan Inter College, Budhansi, Aligarh	,,	128	30	38
10.	Raghuveer Shahy Inter College, Aligarh	,,	120	33	40
11.	Govt. Inter College, Atrauli, Aligarh	,,	118	32	38
12.	Maheshwari Inter College, Aligarh	,,	100	33	33
	Total		1402		450

N=Total Sample=450

After the selection of schools the researcher collected the data.

Tools of the Study

Following tools have been used for gathering information regarding the present study.

1. School Environment Inventory (S.E.I.) by Dr. Karuna Shankar Mishra.[4]
2. Educational Aspiration Scale (E.A.S.) by Dr. V.P. Sharma and Dr. A.Gupta[4]

Statistical Techniques:

The following statistical techniques have been used to find out the conclusion study.

1. Mean[5]
2. Standard deviation[5]
3. T-ratio[5]
4. F-Test (Value/ Analysis of variance / ANOVA)[5]

Finding of the Study :

The objective No. 01 of the study **To study the school environment at secondary level of Aligarh region.**

To find out the effect of School Environment perceived by the students The researcher calculated Mean score and Standard Deviation of the students given as under table 1.0

Table-1.1

Showing No. of Students, Mean and Standard Deviation of School Environment

Total No. of Students	Mean	Standard Deviation
450	27.04	3.21

To study the scores of students obtained on S.E.I. it refers to high, average and low S.E.I.

Table-1.2

According to the Manual of S. E. I.

S. No.	Categories of the students	Score obtained
1.	High perceived school environment	34 & Above
2.	Average perceived school environment	23 to 33
3.	Low perceived school environment	Below 23

The researcher calculated the mean and standard deviation of 3 groups of students categories on basis of scores obtained on S.E.I.

Table-1.3
School Environment Perceived by the Students

S. No.	Categories	Students	Mean	S.D.
1.	High	142	20.93	19.92
2.	Average	178	164.47	13.41
3.	Low	130	113.35	25.26
	Total	**450**		



To Find Out the Educational Aspiration of the Students:

The objective No. 02 of the study **"To study the Educational Aspiration of the students at secondary level"**

In present Study, Educational Aspiration Mean the scores obtained on Educational Aspiration inventory. In present Study Educational Aspiration considered as the dependent variable. The Mean and Standard Deviation of students on Educational Aspiration scale are as follows:

Table-1.4
Showing no. of Students Mean and Standard Deviation on Educational Aspiration

N	M	S.D.
450	26.47	4.58

On the basis of Mean scores obtained by the students on Educational Aspiration inventory that the distribution of scores is normal and mostly students its secured Average marks.

After the investigator categorized the scores on the basis of High, Average and Low School Environment the scores are given below:-

Table-1.5

Showing Educational Aspiration perceived by the students

School Environment	N	Mean	S.D.
Educational Aspiration of students **HIGH** perceived School Environment	142	34.35	5.14
Educational Aspiration of students **AVERAGE** perceived School Environment	178	22.72	3.78
Educational Aspiration of students **LOW** perceived School Environment	130	22.35	4.83

N=450

To Find Out the Effect of School Environment on Education Aspiration:

Objective No. 03 of the study is "To examine the effect of School Environment on Education Aspiration of the students at secondary level."

To find out this effect, researcher formulated hypothesis 3. To test this hypothesis, researcher calculated analysis of variance (F-Test) to find out the significant difference. Amount high, average and low school environment in relation to marks obtained on study educational aspiration inventory. The mean scores of educational aspiration were 34.33, 22.72, 22.35 found and standard deviation were 5.14, 3.78, 4.83 Researcher calculated the 'F' value of study habits in relation school environment contains. The value of mean, S.D. and F-value present in the following table

Table 1.6

F-value of Educational Aspiration

School Environment and Study Habit

S. No.	Categories	Mean	S.D.	Level of Significance	F-ratio	Result
1.	Educational Aspiration of Students (High Perceived School Environment)	34.335	5.14	0.05 Value 4.26 0.01 Value 8.02	3.86	H_o= rejected H_1=accepted
2.	Educational Aspiration of Students (Average Perceived School Environment)	22.72	3.78			
3.	Educational Aspiration of Students (Low Perceived School Environment)	22.35	4.83			

N=450

On the basis of Mean and Standard Deviation, The researcher calculated 'F' value which was found 3.86 the reference value for 0.01 and 0.05 are 8.02, 4.26. The calculated value of 'F' is lower than the reference value. So it can be state that there is no significant

difference found in among the scores of Educational Aspiration on School Environment.

The aim of research process is to validate fact and make it variable. To make sure than the finding of the present Study are valid and replicable. The researcher calculated 't' value of concern variable. The researcher divided depended variables in to three categories e.g. High perceived School Environment to average perceived School Environment, High perceived School Environment to low perceived School Environment, average perceived School Environment to low perceived School Environment. The description of this calculation is given below:-

Table 1.7
't' Calculation of Educational Aspiration

S. No.	Groups	N	Mean	σ.D.	t-Value	Level of Significance
1.	Educational Aspiration of students **HIGH** perceived School Environment	142	24.35	0.51	3.15	0.01 level significant
	Educational Aspiration of students **AVERAGE** perceived School Environment	178	22.72			
2.	Educational Aspiration of students **HIGH** perceived School Environment	142.	24.35	0.60	2.64	0.01 level significant
	Educational Aspiration of students **LOW** perceived School Environment	130	22.75			
3.	Educational Aspiration of students **AVERAGE** perceived School Environment	178	22.72	0.51	0.058	0.05 level non-significant
	Educational Aspiration of students **LOW** perceived School Environment	130	22.75			

To calculate t-value the researcher divided each dependent variable into three categories and six groups on the basis of perceived School Environment after that the researcher calculated Mean Standard error and t value. The 't' value of three groups (mentioned above) are 3.15, 2.64 and 0.058 expressed that the two groups different significantly (higher then the 2.56 at 0.01 level of significance) to each other in relation to the scores of students on Educational Aspiration inventory and one group Educational Aspiration of students (average perceived School Environment) and Educational Aspiration of students (low perceived School Environment) are not significantly different (lower then the 1.98 at 0.05 level of significance) earlier. The researcher calculated F value of three

groups of Educational Aspiration on the basis of School Environment. The F value was found 4.3. It was indicated that three groups were not different to each other at last it can be states that findings of 't' test and 'F' test are partially similar.

Findings of the Study

On the basis of objective and hypothesis, researcher prepared the plan and design for the study and collected the data from the population and after applying the statistical methods on data, researcher find out the following facts about the question raised in the objectives:

1. The first objective was to study the environment of the schools located in the Aligarh district. It was found on the basis of statistical analysis that the students of different schools of Aligarh district perceived different type of school environment. Even the students of a same school perceived different school environment. So it can be stated that school environment is a matter of individual differences.
